हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025



तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री

न्यूनतम 23. 0 डिग्री

4

बाल कलाकारों को मंच देने से निरखती है छुपी प्रतिभा : मिश्रा




## खबर संक्षेप

### जिले में 15 से शुरू होगी धान खरीदी कलेक्टर ने केन्द्रों का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** शासन के निर्देशानुसार जिले में समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होगी। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन की पारदर्शी एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा हेतु करनौद ,बिर्रा, केरा, खरौद एवं पामगढ़ धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्रों में व्यवस्थाओं, ड्रेनेज,बारदाना उपलब्धता, टोकन वितरण व्यवस्था, सुरक्षा,फेंसिंग एवं सफाई की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप धान खरीदी प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और धान खरीदी कार्य को बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संपादित करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि खरीदी व्यवस्था समयबद्ध, पारदर्शी और किसानों के लिए पूरी तरह सुविधाजनक हो।

### तीन गांव में आधा दर्जन लोगों को कुत्ते ने काटा, उपचार जारी

**मालखरौदा।** ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत वीरभाठा पोता कलमी के लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों को पागल कुत्ता द्वारा काटा गया है। घायल लोगों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां गंभीर अवस्था में कलमी एवं वीरभाठा के समरीन बाई पति लक्ष्मण की स्थिति गंभीर देखते हुए रायगढ़ तथा बिलासपुर रेफर किया गया। बाकी के मरीज कीर्तन यादव पिता सोनसाय यादव, प्रियांशु यादव पिता मनोज यादव फिरतीन बाई पति जनीराम यादव को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाने के बाद छुट्टी दे दिया गया। वही पागल कुत्ते के हमले से गांव में दहशत फैल गया है। डॉ मृत्युंजय राठौर ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी मालखरौदा सभी मरीजों को एंटी रेबीज का टीका लगाने के बाद घर भेज दिया गया है। दो मरीज की गंभीर स्थिति के चलते उन्हें रायगढ़ एवं बिलासपुर रेफर किया गया है। सरपंच ग्राम वीरभाठा बुद्धेश्वर नाविक लोगों को पागल कुत्ते के काटने की जानकारी होने पर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था, जहां सभी को टीका लगाया गया।

### लोगों को इलाज के लिए जा रहा चार पहिया वाहन नहरपार में पलटी

**मालखरौदा।** लोगों को इलाज के लिए जा रहा चारपहिया वाहन अनियंत्रित होकर नहर पार में जाकर पलट गई। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुसमूल में एक चार पहिया वाहन पोता नहरपार में गिर गया था। सूत्रों का कहना है कि दो लोगों को इलाज के लिए बाहर ले जाया गया था। जिनका मृत्यु हो गई है। हालांकि अभी तक पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

## बरसात में भी होता है उत्खनन, गांव सहित क्षेत्र की सड़कों का सत्यानाश

# महानदी में तनौद रेत घाट बंद कराने ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-तनौद



रेत घाट में हो र हा रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन।

महानदी में तनौद रेत घाट की निविदा निरस्त करके उसे बंद कराने ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। पंचायत के साथ ग्रामीणों ने अफसरों के नाम ज्ञापन सौंपकर रेत घाट को बंद करने की मांग की है। उनका कहना है कि बीते सत्र में यहां ठेकेदार द्वारा मनमानी की सारे हदे पार कर दी गई। प्रतिबंध के बावजूद बरसात में रेत का उत्खनन जारी रहा तो गांव समेत क्षेत्र की सड़कों का भी सत्यानाश हो गया।

महानदी तनौद रेत घाट जिले के प्रमुख घाटों में से एक है। पिछले दिनों यहां ठेका के दौरान नियमों के उल्लंघन और ठेकेदार की मनमानी की शिकायतें होती रही। इसके अलावा लगातार उत्खनन और परिवहन से गांव समेत नजदीकी गांवों की सड़कों की हालत भी बद से बदतर हो गई है। ऐसे में ग्राम पंचायत तनौद के सरपंच सहित ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर व खनिज अधिकारी जांजगीर-चांपा को तनौद स्थित महानदी रेत घाट की निविदा रोकने ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2019 से 2022 तक उक्त रेत घाट ठेकेदार के माध्यम से संचालित किया गया था, उस दौरान ठेकेदार द्वारा अन्य राज्यों से रेत माफियाओं को बुलाकर अवैध रूप से रेत उत्खनन किया जाता था। इससे ग्रामवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार और उसके सहयोगियों द्वारा बरसात के मौसम में भी रेत निकासी जारी रहती थी, जिससे सड़कों की स्थिति जर्जर हो गई थी। तनौद से देवरी मोड़ तक के मार्ग पर प्रतिदिन भारी वाहनों जैसे हाईवा और ट्रक का आवागमन रहता था। इन वाहनों की तेज गति और धूल-मिट्टी से ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हुआ, साथ ही कई बार दुर्घटनाओं की स्थिति भी उत्पन्न हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस बार भी रेत घाट की निविदा कर ठेकेदार को सौंपा गया, तो फिर से पूर्व जैसी समस्या और अराजकता का माहौल बन जाएगा। उन्होंने मांग की है कि रेत घाट को निविदा प्रक्रिया से मुक्त रखकर ग्राम पंचायत या स्थानीय समिति के माध्यम से संचालित किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिल सकें।

### रात में हो रहा उत्खनन व परिवहन



**जैजैपुर।** क्षेत्र के रेत घाटों में अवैध उत्खनन और परिवहन का सिलसिला कही थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनिज विभाग के साथ प्रशासनिक अमले की कार्रवाई तो जहां तहां होती है, लेकिन इसके बाद अधिकांश घाटों पर उत्खनन और परिवहन का सिलसिला निर्बाध गति से जारी है। क्षेत्र की महानदी सोन और मांड नदी के घाटों में रात को रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का काम शुरू हो गया है। यहां रात के अंधेरे में चैन माउंटेन व जेसीबी लगाकर बड़ी मात्रा में रेत का उत्खनन किया जाता है और फिर ट्रैक्टर व हाइवा लगाकर इसका परिवहन जांजगीर, रायगढ़, सारंगढ़ क्षेत्र में होता है।

# 1 नवंबर से हेलमेट पर चलेगी सख्ती पहले पुलिस, फिर जनता पर कार्रवाई

## एसपी ने हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर दिए सख्त आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सड़क सुरक्षा को लेकर जांजगीर-चांपा जिले में अब पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडे ने सख्त रुख अपनाया है। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और लोगों की लापरवाही को देखते हुए एसपी ने हेलमेट नियमों को लेकर नया आदेश जारी किया है।

आदेश के मुताबिक, 1 नवंबर से 10 नवंबर तक पुलिस विभाग के सभी अधिकारी और जवानों पर हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है, जबकि 10 नवंबर के बाद आम नागरिकों पर भी यही नियम कड़ाई से लागू होगा। एसपी पांडे ने स्पष्ट किया है कि अगर कोई भी पुलिसकर्मी बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अवधि में पुलिस बल स्वयं उदाहरण पेश करेगा और जनता को हेलमेट की अनिवार्यता के लिए जागरूक भी करेगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। जब पुलिस खुद नियमों का पालन करेगी तभी समाज में सही संदेश जाएगा। जिलेभर के थानों को इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 10 नवंबर से आगे आम जनता के लिए भी यह सख्ती लागू होगी। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालान से लेकर वाहन जब्ती तक की कार्रवाई की जा सकती है। यातायात पुलिस को इस संबंध में विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

# स्थगन आदेश के बाद भी रात में चल रहा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर



रात में भी चल रहा निर्माण कार्य।

जैजैपुर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके उसे बेचने के मामले में तहसीलदार के स्थगन आदेश के बावजूद अवैध मकान निर्माण का कार्य चल रहा है। मामला जैजैपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत चोरभठठी का है।

पंचायत चोरभठठी में गांव के ही कुछ लोगो के द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके मकान बनाए जा रहे है। इस बात की जानकारी जब ग्रामिणो को हुई तो उनके द्वारा इस मामले को लेकर तहसीलदार से शिकायत की गई थी। मामला तहसीलदार के समक्ष आने के बाद इस पर कार्यवाही करते हुए मकान के निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए इस संबंध में स्थगन आदेश भी जारी किया जा चुका है। बावजूद इसके अवैध निर्माण कार्य दिन तो दुर की बात रात में भी चल रहा है। इस मामले को लेकर ग्रामिणो ने संबंधित अतिक्रमणकारियो पर अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

### की जाएगी कार्यवाही

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके अवैध रूप से मकान निर्माण को लेकर स्थगन आदेश जारी किया गया है। आदेश की अवमानना करने वालो पर कार्यवाही की जाएगी।

-सिदार्थ अनंत,
तहसीलदार, जैजैपुर

# मड़वा पॉवर प्लांट क्षेत्र में दिखा तेंदुआ वन विभाग ने बढ़ाई चौकसी



वन विभाग की विशेष टीम गश्त करते हुए।

**जांजगीर-चांपा।** मड़वा पॉवर प्लांट क्षेत्र में वन्य प्राणी तेंदुआ के दिखने से हड़कंप मच गया है। देर रात प्लांट के सुरक्षा कर्मियों ने तेंदुए को देखे जाने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही उप वन मंडलाधिकारी जांजगीर-चांपा सक्रिय हो गए और मौके पर वन अमले के साथ स्वयं पहुंचे।

बताया जा रहा है कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा भेजे गए फोटो में स्पष्ट रूप से तेंदुआ दिखाई दे रहा था। सूचना की पुष्टि होते ही विभाग ने उड़नदस्ता दल एवं परिक्षेत्र चांपा टीम के साथ रात में ही क्षेत्र में गश्त शुरू कर दी। वन विभाग की टीम ने आसपास के गांवों और पॉवर प्लांट परिसर के कर्मियों को सतर्क रहने की अपील की है। स्थानीय लोगों को बताया गया है कि तेंदुए के मूवमेंट का कोई भी संकेत या निशान दिखने पर तत्काल नजदीकी वन विभाग को सूचित करें। उप वन मंडलाधिकारी होरेश शर्मा ने बताया कि विभाग की विशेष टीम लगातार गश्त के जरिए स्थिति पर नज़र बनाए हुए है।

### अवैध रूप से रखे नशीली टेबलेट के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अवैध रूप से भारी मात्रा में रखे नशीली टेबलेट के साथ पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। मामला सिटी कोतवाली का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम मुड़पार निवासी 33 वर्षीय सन्नू कश्यप द्वारा नशीला दवा बिक्री के लिए रखे जाने की सूचना मिली। पुलिस ने सूचना पर मौके पर रेड करवाई की गई। जहां पर एक व्यक्ति बुलेट मोटर साइकिल के साथ खड़ा हुआ मिला जिसके कब्जे से कुल 4320 नग पाइवोन स्पा प्लस नशीली टेबलेट कीमती 42 हजार 768 रुपए एवं बुलेट मोटर सायकल, नगदी रकम 8 हजार रुपए एवं 01 नग मोबाइल बरामद किया गया जाकर विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मणिकांत पांडे थाना प्रभारी जांजगीर, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र डिक्सेना, थाना स्टाफ एवं सायबर टीम प्रभारी सागर पाठक एवं टीम का सराहनीय योगदान रहा।



सुमीत बाजार

सफलता की डोर पकड़िए - हमारे
बिजनेस पार्टनर बनिए
सुमीत ग्रुप दे रहा है सुनहरा भरोसेमंद अवसर

1 यदि आपके पास 1000 वर्ग फीट या उससे अधिक क्षेत्रफल वाली दुकान प्रमुख स्थान पर है, तो आप खोल सकते हैं अपना
सुमीत फ्रेंचाइजी स्टोर

2 भू-तल पर फर्निश्ड दुकान लीज पर देकर बन सकते हैं सुमीत के
रेवेन्यू शेयरिंग भागीदार

सुमीत बाजार छत्तीसगढ़ के हर जिला, तहसील और गाँव में अपना नेटवर्क तेजी से बढ़ा रहा है. आप भी इस विकास यात्रा का हिस्सा बनें!

अधिक जानने के लिये संपर्क करें
कॉल करें : 9109847900
ईमेल करें : franchise@sumeetbazaar.com
विजिट करें : सुमीत बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, पुजारी चैम्बर्स के सामने, रायपुर

## शोध और पीएचडी में नया सहयोग

# दो शासकीय कालेजों के बीच शोध के लिए एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



समझौता हस्ताक्षर के साथ दोनों कालेज के प्राचार्य व स्टाफ

नवीन कालेज सारागांव और शासकीय टीसीएल पीजी कालेज जांजगीर के बीच उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया है।

टीसीएल कालेज के प्राचार्य डा डीआर लहरे और सारागांव कालेज के प्राचार्य प्रो बीके पटेल ने इस एमओयू में हस्ताक्षर किए। इसके अंतर्गत सारागांव कॉलेज के भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अंगेश कुमार चंद्रा टीसीएल कॉलेज के विद्यार्थियों को भौतिकी विषय में पीएचडी हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। डॉ. चंद्रा शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के अंतर्गत अनुमोदित पीएचडी पर्यवेक्षक हैं। यह सहयोग क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शोध और प्रयोगशाला कार्य करने का अवसर देगा। एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों के संसाधनों का साझा उपयोग करते हुए संयुक्त अनुसंधान, प्रकाशन और शैक्षणिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना है। टीसीएल कॉलेज के पास जहाँ आधुनिक प्रयोगशालाएँ और संसाधन उपलब्ध हैं। वहीं सारागांव कॉलेज के पास अनुभवी और मान्यता प्राप्त विषय विशेषज्ञ हैं। यह समझौता 10 वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा और पारस्परिक सहमति से आगे भी बढ़ाया जा सकेगा। दोनों संस्थान अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों की खोज के लिए भी सहमत हुए हैं। टीसीएल कालेज में भौतिकशास्त्र का शोध केंद्र खोलने विश्वविद्यालय को प्रस्ताव शीघ्र भेजा जाएगा। टीसीएल कॉलेज प्राचार्य डा. डीआर लहरे और नवीन कालेज सारागांव के प्राचार्य प्रो बीके पटेल ने कहा कि यह एमओयू कॉलेज के शोध कार्यों को नई दिशा देगा और विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के नए अवसर प्राप्त होंगे।

## खबर संक्षेप

### घिवरा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ 2 से



**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम घिवरा के आजाद चौक के पास में कश्यप परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ का आयोजन 2 नवंबर रविवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया जाएगा। कथावाचक पंडित मनोज शर्मा सरवानी खरसिया वाले होंगे। प्रत्येक दिन कथा दोपहर 2:30 बजे से प्रारंभ होगा। जिसका समापन 10 नवंबर सोमवार को किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रीमती संतला द्वास राम कश्यप, निर्मला कश्यप, श्रीमती शकुंतला जयराम कश्यप, दिनेश कश्यप ,दीपक कश्यप, थलेश कश्यप, और आर्यन कश्यप आदि के अलावा समस्त कश्यप परिवार और ग्रामवासी तैयारी में जुटे हुए हैं। संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ समापन सोमवार 10 नवंबर को किया जाएगा। आयोजक ने सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण करने की अपील की है।

### आरसेटी में विधिक साक्षरता शिविर में दी गई जानकारी

**बहेराडीह।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार केंद्र जांजगीर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुमारी सुनीता साहू विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी जांजगीर द्वारा उपस्थित लोगों को विधिक साक्षरता शिविर के महत्व, अपराधों के प्रकार, सिविल अपराध, पारिवारिक कानून, भारतीय संविधान के अंतर्गत मौलिक अधिकार, बच्चों को उनकी शिक्षा के प्रति बिना दबाव लेते हुए पढ़ाई करने, बच्चों की अनिवार्य शिक्षा, अपराधों से दूर रहने व एक अच्छा नागरिक बनने के संबंध में जानकारी दी गई। सुश्री प्रीति पालीवाल तृतीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जांजगीर द्वारा लोगों को किशोर न्याय अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बच्चों से संबंधित अपराधों, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया में बढ़ते हुए अपराधों, चोरी लूट, एनडीपीएस अधिनियम एवं विधिक सेवा अधिनियम के गठन एवं उद्देश्य, ेटर व्हीकल एक्ट, बच्चों की अनिवार्य शिक्षा, योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 तक

**कोरबा।** परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा अन्तर्गत शासकीय हाई/हायर सेकेंडरी विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को 1 माह तक रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण सेवाएं देने हेतु जिले के जुड़ो, कराटे, ताईक्वाडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष प्रशिक्षकों से आवेदन मंगाया गया है। महिला प्रशिक्षकों को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक प्रशिक्षक निर्धारित प्रारूप में उक्त विधा से संबंधित वांछित दस्तावेजों के साथ जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कार्यालय में 30 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### डीपीआई ने जिला शिक्षा अधिकारी को थमाया नोटिस

**कोरबा।** जिला शिक्षा अधिकारी को डीपीआई द्वारा बैठक में उपस्थित नहीं होने को लेकर नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। इस संबंध में बताया जाता है कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन 7 दिसंबर को आयोजित किया जाना है। राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा की समीक्षा बैठक 15 अक्टूबर को आहूत की गई थी। उक्त बैठक में शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय अनुपस्थित थे।

### स्वास्थ्य केंद्र एवं शिक्षक आवास का हुआ भूमिपूजन

**कोरबा।** ग्राम अजगरबहार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारी आवास और प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक आवास के भूमिपूजन के साथ-साथ राशनकार्ड वितरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह उपस्थित रहे, जिन्होंने भूमि पूजन कर विकास कार्यों की नींव रखी और ग्रामीणों के बीच सरकार की योजनाओं के प्रति विश्वास और उत्साह का संचार किया।

# जिले के 19 धान उपार्जन केंद्रों को डाला गया संवेदनशील केंद्रों की सूची में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में 15 नवंबर से शुरु होने वाली धान खरीदी के पूर्व शासन द्वारा संवेदनशील धान उपार्जन केंद्रों की सूची तैयार की है। उक्त सूची में 19 धान उपार्जन केंद्रों को शामिल किया गया है। जहां सर्वाधिक किसानों का पंजीयन हुआ है। ऐसा पहली बार हुआ है जब अधिक पंजीयन को आधार मानते हुए संवेदनशील उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं इसके पूर्व अधिक खरीदी माना जाता था।

धान खरीदी में कसावट लाने के उद्देश्य से अपने स्तर पर कुछ उपार्जन केंद्रों को निगरानी में रखा है। ऐसे केंद्रों में मैदानी क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों के अलावा वन क्षेत्रों के उपार्जन केंद्र भी शामिल है। जहां सबसे अधिक वन अधिकार पत्रों का वितरण हुआ है। हालांकि ऐसे वन क्षेत्रों के उपार्जन केंद्रों में खरीदी मैदानी क्षेत्रों की तुलना में कम होती है। उसके बावजूद महज पंजीयन को आधार मानकर उपार्जन केंद्रों को संवेदनशील सूची में शामिल किया गया है। जिससे खरीदी के पूर्व ही उपार्जन केंद्रों में पंजीयन की स्थिति को लेकर हड़कंप मचा है। 31 अक्टूबर तक पंजीयन की तिथि तय की गई है। उसे देखते हुए यह माना जा रहा है कि किसानों के पंजीयन और अधिक बढ़ेंगे और जितने अधिक पंजीयन जिस उपार्जन केंद्र में होगा वह संवेदनशील उपार्जन केंद्र की श्रेणी में माना जाएगा। ऐसी स्थिति को देखते हुए वनांचल क्षेत्रों के उपार्जन केंद्रों में हड़कंप मचा है उनकी मानें तो पंजीयन और भी बढ़ेगा क्योंकि वन अधिकार पत्रधारियों से भी खरीदी की जा रही है।

### 15 नवंबर से होने वाली है खरीदी

**खास बातें**

- अधिक किसानों के पंजीयन को बताया जा रहा है कारण



### वन अधिकार पत्र बना सबसे बड़ा कारण

वन अधिकार पत्र पंजीयन के मामले में एक सबसे बड़ा कारण बनकर आया है। यहां ये बात सामने आयी है कि अधिकतर समितियां वन क्षेत्र में शामिल हैं जहां पूर्व में वन भूमि में खेती करने वालों का पंजीयन नहीं होता था। किंतु अब वन अधिकार पत्र ऐसे किसानों को मिलने के बाद उनका भी पंजीयन किया जा रहा है और उनसे भी धान खरीदी हो रही है। ऐसी स्थिति में वन क्षेत्र में चल रहे धान उपार्जन केंद्रों में वन अधिकार पत्रधारी किसानों की पंजीयन संख्या सामान्य किसानों से अधिक होते जा रही है। जिसकी वजह से वन क्षेत्रों के उपार्जन केंद्रों में पंजीयन का ग्राफ लगातार बढ़ते जा रहा है। यही कारण है कि उन्हें पंजीयन अधिक होने के कारण संवेदनशील सूची में शामिल कर लिया गया है।

### ये हैं संवेदनशील उपार्जन केंद्र

भैंसमा, कोरबी (पोड़ी उपरोड़ा), बरपाली (कोरबा), सिरमिना, बरपाली (बरपाली), करतला, तुमान, अखरापाली, सोनपुरी, सोहागपुर, कटघोरा, भिलाईबाजार, नोनबिर्रा, तिलकेजा, हरदीबाजार, उमरेली, दादरखुर्द, मोरगा व सुमेधा शामिल हैं। इन धान उपार्जन केंद्रों में दादर धान उपार्जन केंद्र सोनपुरी सहकारी समिति के अंतर्गत आते हैं जिसका संचालन नकटीखार स्थिति कृषि उपज मंडी परिसर में किया जा रहा है।

## कोरबा वनमंडल में गज संकेत ऐप की हुई शुरुआत

# गज संकेत ऐप से लोगों की बचेगी जान, गांव में आते ही ग्रामीणों को सीधे जाएगा फोन या मैसेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग दो दशक पूर्व कोरबा वनमंडल में हाथियों ने दस्तक दी थी लेकिन अब हाथियों ने कोरबा व कटघोरा के जंगल को अपना स्थाई ठिकाना बना लिया है। जिससे वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर पर जब फसल पककर तैयार होने वाला है तो ऐसे में हाथी किसानों की साल भर की मेहनत को चौपट करने में लगे हुए हैं लेकिन वहीं दूसरी ओर हाथी और मानव द्वंद को रोका जा सके इसके लिए वन विभाग में गज संकेतक ऐप की शुरुआत की है जिसके माध्यम से जान माल के नुकसान को रोकने की दिशा पर पहल की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल पड़ोसी जिले रायगढ़ के धरमजयगढ़ वनमंडल से सटा हुआ है। अक्सर धरमजयगढ़ वनमंडल में सबसे ज्यादा हाथियों का बसेरा रहता है और धरमजयगढ़ वनमंडल से मांड नदी को पार कर 50 से अधिक हाथी कोरबा वनमंडल के कुदमुरा, करतला वन परिक्षेत्र में अपनी दस्तक देते हैं। पिछले कई दिनों से लगभग 50 से अधिक हाथी इसी इलाके में डेरा डाले हुए हैं और






इस तरह तैयार किया गया है ऐप एवं जंगल में विचरण करता हाथियों का झुण्ड।

किसानों की खड़ी फसलों को चट कर रहे हैं। जिसकी वजह से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। हालांकि कोई जान माल का नुकसान ना हो इसके लिए वन विभाग लगातार गांव गांव में मुनादी व ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर वन विभाग ने हाथियों की निगरानी और ग्रामीणों को तय समय के भीतर इसकी सूचना मिल सके इसके लिए कोरबा वनमंडलाधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश पर एसडीओ आशीष खेलवार व एसडीओ एसके सोनी की टीम ने गज संकेतक ऐप के माध्यम से हाथियों की ट्रैकिंग शुरू की है। बताया जाता है कि इस ऐप के माध्यम से हाथी प्रभावित लोगों के मोबाइल नंबर को जोड़ा गया है और इसी ऐप के माध्यम से जैसे ही हाथी ग्राम के लगभग 5 किलोमीटर रेडियस में आने वाला होता है उस गांव में रहने वाले ग्रामीणों को उनके मोबाइल पर या फोन के माध्यम से सूचना दी जाती है या फिर मैसेज के माध्यम से सूचना दी जाती है कि हाथियों का झुंड या फिर हाथी उस इलाके में आसपास विचरण कर रहा है। जैसे ही ग्रामीणों को इसकी सूचना मिलती है वे सतर्क हो जाते हैं। यही वजह है कि लंबे समय से कोरबा वनमंडल में कोई बड़ी जन धन की हानि नहीं हुई है।

### गज संकेत ऐप से ग्रामीणों को मिल रही है जानकारी

कोरबा वनमंडल के सभी वन परिक्षेत्र में गज संकेत ऐप के माध्यम से हाथियों को निगरानी की जा रही है। इस ऐप के माध्यम से हाथी की सूचना मोबाइल फोन पर या मैसेज के माध्यम से हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोगों को दी जा रही है। धीरे-धीरे इस ऐप के माध्यम से अधिक से अधिक हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोगों को जोड़ा जा रहा है और इस ऐप के बारे में बताया भी जा रहा है। **-एसके सोनी,** एसडीओ वनमंडल कोरबा

### फसल को रौंदकर बर्बाद कर रहे हाथी

कोरबा व कटघोरा वनमंडल में बड़ी संख्या में सक्रिय हाथियों का झुण्ड अन्न उत्पादकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। हाथियों का झुण्ड खेतों में पहुंचकर वहां तैयार धान की फसल को रौंदकर खलिहान में पहुंचने से पहले ही मटियामेट कर दे रहे हैं। जिससे किसान काफी परेशान हैं। उनके द्वारा फसल की सुरक्षा की गुहार लगातार लगाई जा रही है लेकिन वन विभाग हाथियों से फसल को बचाने में नाकाम हो रहा है। जिससे परेशानी और भी बढ़ जा रही है।

# वनांचल क्षेत्रों के विकास के बिना संपूर्ण क्षेत्र का विकास अधूरा : फूल सिंह



ग्रामीणों से मुलाकात करते विधायक फूलसिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्षेत्र के दुर्गम इलाकों में लगातार सक्रिय रहने वाले रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया इस बार पसरखेत रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम मदनपुर, कोलगा के कटंगनाला पहुंचे। पहाड़ी रास्तों और घने जंगलों के बीच लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करते हुए वे ग्रामीणों के बीच पहुंचे और लोगों की समस्याओं को करीब से सुना। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि क्षेत्र में यदि बांध निर्माण कार्य पूरा होता है तो लगभग 200 किसानों की करीब 1600 एकड़ भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। इससे खेती में सुधार होगा और किसानों को जीवनयापन में बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने कहा कि अब तक वे वर्षा आधारित खेती पर निर्भर हैं, जिससे उन्हें हर साल नुकसान का सामना करना पड़ता है। विधायक फूल सिंह राठिया ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि बांध निर्माण की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर पहल की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को भी इस विषय में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने का आश्वासन दिया। विधायक फूल सिंह राठिया ने कहा कि वे लगातार अपने क्षेत्र के सबसे दूरस्थ और वनांचल इलाकों का दौरा करते रहते हैं ताकि उन जगहों की वास्तविक स्थिति का पता चल सके।

# तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने खोला मोर्चा, सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा अध्यक्ष विनय सोनवानी ने बताया छत्तीसगढ़ प्रदेश के अधिकारी व कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र की तिथि से महंगाई भत्ता व महंगाई राहत प्राप्त नहीं हो रहा है जबकि महंगाई दर लगातार बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में कर्मचारियों को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व कर्मचारियों के मंच से तथा अपने घोषणापत्र में मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी के नाम से प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र की तिथि से महंगाई भत्ता पूर्व की एरियर्स राशि सहित देने का वादा किया था। इस सरकार का लगभग दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है किंतु महंगाई भत्ता के लिए की गई घोषणा, चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने, क्रियान्वयन तथा सातवें वेतनमान के अनुसार गृहभाड़ा भत्ता सहित अन्य भत्तों के पुनरीक्षण पर अमल नहीं किया जा रहा है। हम अभी भी केंद्रीय कर्मचारियों से 3 प्रतिशत प्रतिलाभ पीछे हैं। देश के अन्य भाजपा शासित राज्य अपने कर्मचारियों को केंद्र के समान जुलाई 2025 से महंगाई भत्ते के भुगतान का घोषणा/आदेश कर चुके हैं। इसके साथ ही हमारी सरकार ने प्रदेश के अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों को भी समिति गठित कर सौ दिनों के भीतर नियमित करने का वादा किया था, जिस पर भी निर्णय नहीं लिया गया है।छत्तीसगढ़ राज्य बनने पर प्रदेश के कर्मचारियों को उम्मीद थी कि मध्यप्रदेश से बेहतर आर्थिक स्थिति होगी लेकिन 25 साल बाद भी कर्मचारियों की आर्थिक समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। सरकार के कर्मचारियों के लिए की गई घोषणा के सभी मुद्दों को लेकर संघ एवं इस संघ से सम्बद्ध संगठनों द्वारा 29 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे प्रदेश के सभी सुविधानुसार जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।



विनय सोनवानी

## शनिवार व रविवार को आसमान में छाए रहे बादल

# दिवाली के बाद बादल छाने से बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीवाली के एक दिन पूर्व ठंड की दस्तक से ऐसा लगा था कि दीवाली के बाद ठंड की शुरुआत हो जाएगी। किंतु दीवाली के दो दिन बाद मौसम ने शुरु हुए बदलाव से एक बार फिर बारिश के आसार बढ़ गए हैं। मौसम विभाग ने भी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। आसमान में बादल छाने से तापमान में भी बढ़ोत्तरी बनी रही।

अक्सर दीवाली से ही ठंड की शुरुआत हो जाती है। अक्टूबर महीने समाप्ति होने को है और अब तक गुलाबी ठंड ने भी दस्तक नहीं दी है। दीपावली के एक दिन पूर्व से रात में ठंड की शुरुआत होने से यह एहसास होने लगा था कि जल्द ही ठंड शुरु हो जाएगी लेकिन ओडिसा के समुद्र में उठे ऊफान की वजह से मौसम में बदलाव का असर छग में असर पड़ा है। शनिवार को आसमान में बादल छाने से बारिश की संभावना बनी हुई थी। दिन भर बादल छाने से एक बार यह लगा कि देर शाम तक हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने भी इसके लिए अलर्ट जारी किया है। आने वाले दिनों में बारिश की संभावना जतायी जा रही है। मौसम के तापमान में भी वृद्धि देखी गई है। मौसम में आ रहे उतार चढ़ाव को लेकर आम लोगों के स्वास्थ्य में असर देखा गया है। उड़िसा के तटवर्ती क्षेत्रों से जब जब समुद्री हलचल पैदा हुई है उसका असर छग के मौसम में व्यापक रुप से पड़ा है। दशहरा तक जिस तरह से बारिश हुई है उससे लग रहा था कि बारिश अभी थमेगी नहीं। मौसम में अचानक बदलाव होने से दीवाली जैसा त्योहार बिना बारिश के बीत जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली थी और फिर से मौसम में आ रहे बदलाव को लेकर बारिश की संभावना जतायी जा रही है।



TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, ह्रदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन MBBS, MS, MCh, DrNB Urology Mumbai Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST PHACO & LASIK SPECIALIST नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बांझपन, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661




# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया।

लाइफ Style

# उर्वशी



बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की।

## जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गई। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं।

हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद रिलीज किया पहला गाना

**लॉस एंजिल्स।** गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने शादी के बाद इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं।



# भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड'के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सर्ट्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।



# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।

टीवी मसाला



# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'



# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में***




***शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।

**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉर्ड्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉर्ड्स?*** : दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो'जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉर्ड्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉर्ड्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉर्ड्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

## लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ

***मुंबई।** भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगे। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।*

## गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

## साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है। इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।



## आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।

## काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

## भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।

# अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया पहला अर्घ्य

## मंगलवार को सुबह दिया जायेगा अंतिम अर्घ्य सूर्य आराधना के महापर्व सूर्यषष्ठी का तीसरा दिन



### शहर में धूमधाम से मनाया जा रहा सूर्य उपासना का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर एवं क्षेत्र में सूर्य आराधना के महापर्व सूर्यषष्ठी के तीसरे दिन सोमवार 27 अक्टूबर को लछनपुर स्थित छठघाट के अलावा डोंगाघाट एवं रामबांधा तालाब सहित अनेक स्थानों पर छठव्रतियों ने शाम करीब 5.15 बजे अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्ध्य दिया। मंगलवार 28 अक्टूबर को सुबह छठव्रतियों द्वारा उदित होते सूर्य को अंतिम अर्ध्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा।

नगर एवं क्षेत्र में वर्ष 2009 से छठ महापर्व मनाया जाना शुरु किया गया। भोजपुरी समाज की जिला इकाई के तत्वाधान में प्रारम्भ हुआ छठ महापर्व आज सभी समाज की महिलाओं द्वारा धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष छठ महापर्व की शुरुआत शनिवार 25 अक्टूबर से नहाय खाय से हुई। चार दिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन छठव्रतियों द्वारा खरना का व्रत रखा गया। छठ महापर्व विशेष रुप से उत्तरप्रदेश एवं बिहार के पूर्वांचलवासियों यानि भोजपुरी समाज द्वारा प्रमुख रुप से मनाया जाता है। इस चार दिवसीय पर्व का समाज द्वारा शुद्धता से पालन किया जाता है। विशेष रुप से इस समाज की महिलाओं द्वारा बिना अन्न जल ग्रहण किये व्रत रखा जाता है। चार दिवसीय महापर्व के तीसरे दिन सोमवार 27 अक्टूबर को शाम करीब 5.15 बजे छठव्रतियों ने ड़ोंगाघाट सहित लछनपुर स्थित छठघाट के अलावा रामबांधा तालाब पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्ध्य दिया। मंगलवार 28 अक्टूबर को सुबह इन्हीं स्थानों पर छठव्रती उदित होते सूर्य को अंतिम अर्ध्य देकर चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन करेंगे। भोजपुरी समाज की जिला इकाई के संस्थापक जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह के अलावा जिलाध्यक्ष सुशील सिंह सहित भोजपुरी समाज के लोग विशेष रुप से महिलाएं बड़ी संख्या में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देने छठ घाट व डोंगाघाट में मौजूद थी।



छठ पूजा में शामिल जनप्रतिनिधि व अन्य

**अकलतरा।** आस्था का पर्व छठ पूजा 25 अक्टूबर को नहाए खाए के साथ प्रारंभ हुआ पहले दिन नहाए खाए के साथ चावल दाल और लौकी की सब्जी का सेवन कर पूजा का आरम्भ करती है।

तीसरे दिन डूबते हुए सूरज को अर्ध्य दिया जाता है चौथे दिन सुबह उठाते हुए सूरज को अर्थ देकर महिलाएं प्रसाद ग्रहण कर उपवास खोलता है। इस दिन महिलाएं अपने हाथों से अकेले चूल्हे बनाकर मे खीर का प्रसाद बनाकर कर निर्जला उपवास की शुरुआत करते हैं। सोमवार 27 अक्टूबर की सुबह से ही समाज द्वारा तालाब के घाट में साफ सफाई और लाइट और बिजली से साज सज्जा की गई फिर अपने-अपने स्थान का चयन कर पिंड बनाकर डूबते हुए सूरज को अर्ध्य देने की तैयारी की गई। सुबह से ही व्रती बिहारी व्यंजन ठेकुआ चावल के लड्डू सभी प्रकार के फल और सब्जियों से अर्ध्य देने के लिए सुपर शुपा को सजाया गया सजे हुए शुपा को दौरा मे बांध कर सभी परिवार सहित सर में उठाकर घाट में पहुंचे घाट पर सभी समाज के लोगों द्वारा स्वागत कर डूबते हुए सूरज की पूजा की गई। अकलतरा में कई वर्षों से सभी समाजों द्वारा छठ पर्व पर धूमधाम से मनाई जाती है नगर में मिनीमाता चौक सीसीआई कॉलोनी रामसागर तालाब और कई विभिन्न जगह पर धूमधाम से मनाया जाता है यह पर्व समाज कल्याण पुत्र पौत्र के समृद्धि के लिए की जाती है। मंगलवार सुबह का समापन के दिन भी इसी विधि से उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर व्रती घाट पर ही प्रसाद वितरण कर अपना उपवास खोलते हैं।

## यादव समाज ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

ठेठवार यादव समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दीपावली मिलन समारोह 27 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया। सर्वप्रथम यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर विधिवत शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि तुमेश यादव राज प्रमुख बरतोरी राज ने सामाजिक बंधुओ को संबोधित कर एकजुट होकर सभी त्योहार पर्व को मना कर परंपरा जीवित रखने का अपील किया गया तथा सभी युवाओं को समाज को क्रमशः उचित दिशा एवं उत्तरोत्तर उन्नति की बात रखी। भरत लाल यादव अध्यक्ष बरतोरी राज द्वारा अध्यक्षता करते हूए सभी राजवासी को शुभकामनायें दिया एवं मंगलमय कामना की वार्षिक कैलेंडर प्रकाशन पर चर्चा करते हूए लकेश यादव कोषाध्यक्ष ने समाज के गौरव प्रतिभावान को यथा स्थान देने पर विचार व्यक्त किये। प्रवक्ता हृदय यादव ने एकादशी पर्व पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजन किये जाने की जानकारी दिया गया उपाध्यक्ष देवचरण यादव ने आगामी वर्ष मे पारिवारिक धार्मिक यात्रा पर जाने की जानकारी दी सभा का संचालन संतोष कुमार यादव पूर्व महासचिव महासभा द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में शामिल यादव समाज के लोग।

## खोरसी में श्रीराम नाम संकीर्तन में शामिल हो रहे श्रद्धालु

**खोरसी।** जनपद पंचायत पामगढ़ के अंतर्गत आने वाले आदर्श ग्राम पंचायत खोरसी में आयोजित श्रीराम नाम संकीर्तन जो 23 से 30अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें आस पास के साधु संतों एवं साध्वीयों द्वारा अनवरत रूप से श्रीराम नाम संकीर्तन का गायन के माध्यम से किया जा रहा है जो पुराने से पुराने फिल्मी गीतों के तर्ज पर आधारित है। इस दौरान 23 से प्रारंभ होकर 30 अक्टूबर तक श्रीराम नाम संकीर्तन रुपी अमृत रुपी गंगा प्रवाहित होगी। इस अवसर पर गांव के बहनों द्वारा भी श्रीराम नाम संकीर्तन का गायन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत खोरसी में श्रीराम नाम संकीर्तन आयोजित होने पर पुरा गांव ही राममय हो गया और श्रद्धालु भक्त जनों द्वारा आयोजन समिति को धन्यवाद दिया जा रहा। जिसके माध्यम से ग्रामवासियों को श्रीराम नाम संकीर्तन श्रवण का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस गोपाल दास मारुति धाम देवघाट द्वारा उपस्थित श्रद्धालु भक्त जनों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम का नाम लेने और सुनने मात्र से प्राणी एवं मानव भवरुपी सागर से पार उतर जाता है और मोक्ष की ओर अग्रसर हो जाता है।

## राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ी हुए सम्मानित

**बाराद्वार** । सुमित कराटे एकेडमी बाराद्वार में मंगलवार को सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें हाल ही में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों तथा उनके कोच सुमित खुंटे को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, अतिथि एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ियों में मुस्कान हंसे, लालिमा चंद्रा, गौरी खुंटे,



गरिमा एवं दिनेश कुमार सूर्यवंशी — को मंच पर मोमेंटो, श्रीफल और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी तरह खिलाड़ियों को इस मुकाम तक पहुँचाने वाले कोच सुमित खुंटे को मोमेंटो, श्रीफल एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दैनिक छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के प्रधान संपादक राजेश सिंह क्षत्रि, नगर पंचायत बाराद्वार के उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, मासिक पत्रिका पंचायत की मुस्कान के जांजगीर ब्यूरो पंकज यादव, पार्षद अजय सिंह राजपूत, भोजराम, भारत बरेठ, सचिन शर्मा (संचालक शर्मा ट्रांसपोर्ट), लीलाधर साहू (संचालक ज्ञान शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल), तथा शिक्षक एवं कवि सावन गुजराल, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## ग्राम बिर्रा में श्री राम नाम जप सप्ताह यज्ञ का आयोजन 30 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा में यज्ञ समिति बिर्रा एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित 155 वर्षों से लगातार श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का आयोजन 30 अक्टूबर गुरुवार से शुभारंभ किया जाएगा। श्री राम नाम सप्ताह यज्ञ में 30 अक्टूबर दिन गुरुवार की सुबह समस्त ग्रामवासियों द्वारा किर्तन भजन कर राम सीता और लक्ष्मण की प्रतीमा को यज्ञस्थल लाया जाएगा। तत्पश्चात देव आह्वान ,वेदी पूजन कर, जय जयकारे के साथ किर्तन मंडलियों द्वारा सीताराम सीताराम राधेश्याम राधेश्याम का भजन के साथ शुभारंभ होगा।

## भाजपा का विस स्तरीय आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिला भाजपा कार्यालय सक्ती में जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू प्रदेश कार्य समिति सदस्य, मीडिया पैनलिस्ट श्रीमती संयोगिता जूदेव साथ ही विशिष्ट अतिथि लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े मंचासीन थे।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल ने कहा कि आत्म निर्भर भारत की संकल्पना स्वदेशी अपनाए बगैर नहीं हो सकता। आत्म निर्भर बनने के लिए स्वदेशी का भाव आवश्यक है। भारत का हर नागरिक आत्म निर्भर बने जिसके लिए स्वदेशी



उत्पाद ही खरीदे एवं सभी से आप स्वदेशी उत्पाद खरीदने आग्रह करेवक्ता संयोगिता सिंह जूदेव प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी का संकल्प 2047 तक विकसित भारत बनाना है( सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने भी स्वदेशी उत्पाद खरीदने से देश की अर्थ व्यवस्था शसक्त होने की बात कही एवं स्वदेशी उत्पाद खरीदने प्रोत्साहित किया अतिथि वक्ता केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है भारत का हर नागरिक आत्मनिर्भर हो 2014 में मोदी जी मेक इंडिया लेकर आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी मानना है कि स्वदेशी उत्पादों का मतलब कम कीमत अधिक शक्ति स्वदेशी का मतलब सिर्फ भारत में बनी वस्तुओं को प्रयोग करना नहीं अपितु आत्मनिर्भर बनना है। सम्मेलन में महामंत्री दीपक अग्रवाल, मोहन कुमारी साहू, कवि शरण वर्मा दीपक गुप्ता, रंजन सिंहा, सुरेश साहू, गोपी सिंग ठाकुर, द्रौपदी कीर्तन चंद्रा, कमल पटेल, संजय रामचंद्र, आशा साव, सुशीला सिंहा, आयुष शर्मा, चंद राम चंद्रा, अनिता गोपाल, रीता पटेल, भगत शर्मा, मनोज सिसोदिया, रामदेव कुमावत, अरुण सिंह चौहान, प्रमोद ग़बेल, धनंजय नामदेव मंडल के अध्यक्षण अभिषेक शर्मा उपस्थित थे।

## राज्योत्सव में पीएम से मंदिर निर्माण करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव रजत जयंती वर्ष कार्यक्रम में आगमन पर प्रधानमंत्री द्वारा माता कौसल्या जन्मभूमि कोसला धाम में भव्य मंदिर निर्माण की घोषणा किए जाने के विषय में मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय से मुलाकात करने को लेकर जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े से कोसला धाम वासियों द्वारा रविवार को मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की गई।

इस संबंध में 70 पृष्ठों की आवेदन फाइल तैयार कर सांसद को सौंपा गया।साथ ही सांसद कमलेश जांगड़े को कोसला धाम वासियों द्वारा 'माता कौशल्या' का बड़ा सा चित्र सप्रेम भेंट किया गया।सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि यह हमारे जांजगीर-चांपा लोकसभा



सांसद से मुलाकात करते ग्रामीण।

क्षेत्र के लिए एक बहुत ही बड़ा धार्मिक एवं आध्यात्मिक विषय अवसर है, प्रभु श्रीराम जी के ननीहाल मां कौशल्या के जन्मस्थली कोसला में माता कौसल्या का भव्य मन्दिर निर्माण हो इसके लिए हम जल्द ही मुख्यमंत्री से भेंट करेंगे एवं इस महत्वपूर्ण धार्मिक विषय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाएंगे, हमारा सौभाग्य है कि यह स्वर्णिम अवसर हमें प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर कोसला धाम से वरिष्ठ नागरिक दुर्गेश्वर तिवारी भूतपूर्व सरपंच, इतिहासकार डॉ शांति कुमार कैंवर्त्य, देवकुमार साहू, अशोक साहू, उप सरपंच योगेश साहू, गौरव तिवारी, सरजू कश्यप, अवधेश कुमार साहू एवं कोसला वासी उपस्थित रहे।

## निधन

### के.बी. यादव

**पामगढ़।** नगर पंचायत पामगढ़ के प्रतिष्ठित व्यक्ति, छ.ग. अठोरिया यादव समाज संथापक सदस्य, संरक्षक , भुतपुर्व सैनिक, के.बी. यादव ( साधराम यादव)का 87 वर्ष की उम्र में सोमवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम गृह निवास नगर पंचायत पामगढ़ के मुक्ति धाम मे सम्पन्न हुआ। वे अपने पीछे चार पुत्र रघुंदन यादव, ब्रजनंदन यादव, सुरेंद्र यादव व संत यादव का भरा पूरा परिवार छोड़ गए ।



### श्रीमती नीलिमा राठौर

**चांपा।** छ.ग. राज्य विद्युत मंडल से सेवानिवृत्त जोइधा प्रसाद साहू की छोटी बहू तथा चंद्रकांत साहू (बबलू) की धर्म पत्नी श्रीमती नीलिमा राठौर का शनिवार 25 अक्टूबर को बिलासपुर स्थित एक निजी चिकित्सालय में निधन हो गया । वे 32 वर्ष की थी। श्रीमती राठौर अपने पीछे पति समेत एक पुत्री का परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को ही पूर्वान्ह 11 बजे हसदेव बेरियर के पास पीआईएल बायपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



### मासिक संगीत गुंजन कोमल ऋषभ कार्यक्रम सम्पन्न

## बाल कलाकारों को मंच देने से निरखती है छुपी प्रतिभा : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

संस्कार भारती जिला सक्ती के निर्देशन में शारदा संगीत महा विद्यालय बिर्रा द्वारा आयोजित मासिक संगीत गुंजन कोमल ऋषभ राग यमन पर आधारित सभा कार्यक्रम 26 अक्टूबर आचार्य चाणक्य सभागार में मनाया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनेश मिश्रा जिलाध्यक्ष ब्राह्मण समाज, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेष दुबे जिला सचिव ने किए । विशिष्ट अतिथि विशाल नाथ तिवारी सेवानिवृत्त प्रधान पाठक,टी पी तिवारी सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य, बी एल सागर संचालक करियर पॉइंट किड्स स्कूल बिर्रा, शम्भू प्रसाद गौरहा , भुवनेश्वर चौबे आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनेश मिश्रा जिलाध्यक्ष ब्राह्मण समाज जांजगीर चांपा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मासिक गुंजन कोमल ऋषभ बाल एवं युवा प्रतिभाएं जो शारदा संगीत विद्यालय के छात्र हैं, उनको मंच देकर उनकी प्रतिभा को निखारना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। बाल कलाकारों को मंच देने से उसमें छुपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे शैलेश दुबे ने कहा कि शास्त्रीय संगीत एक अतिरिक्त विद्या या किसी प्रकार वैकल्पिक विषय नहीं है बल्कि ये ईश्वर प्राप्ति का सशक्त माध्यम है। विशालनाथ तिवारी ने कहा कि शास्त्रीय संगीत गुंजन के माध्यम से क्षेत्र में संगीत का प्रचार प्रसार हो रहा है,जो संगीत को जन सुलभ बनाने के लिए कटिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन मनोज तिवारी द्वारा किया गया। समस्त विद्यार्थियों को पेन,कॉपी देकर प्रोत्साहित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार पं. प्रवीण तिवारी द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना सृष्टि कश्यप तथा प्रवीण द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तबला में संगत एस के थवाईत द्वारा किया गया। जयेश काश्यप द्वारा रे मन सुर में गाया गया। जयंत कश्यप द्वारा राग यमन में बन्दिश व चंदन सा बदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें तबला संगत प्रवीण तिवारी द्वारा किया गया। जानकी व देवेंद्र पटेल द्वारा राग यमन की बन्दिश प्रस्तुत की गई।



विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

